राजस्थान सरकार

# आयोजना विभाग

क्रमांकः एफ. 6(1)आयोजना/ग्रुप–3/2023 दिनांकः 07-04-2023

समस्त संभागीय आयुक्त
एवं समस्त जिला कलक्टर।

**विषय :–दिनांक 24 अप्रैल, 2023 से 30 जून, 2023 तक "महंगाई राहत कैंप", प्रशासन गाँवों के संग अभियान एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के आयोजन के सम्बन्ध में।**

माननीय मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार राज्य की संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये सरकार द्वारा चलाई जा रही जन–कल्याण की विभिन्न योजनाओं, फ्लैगशिप योजनाओं तथा राज्य के बजट 2023–24 के प्रावधानों को जन–जन तक पहुँचाने के लिए राज्यभर में दिनांक 24 अप्रैल, 2023 से 30 जून, 2023 तक महंगाई राहत कैंप, प्रशासन गाँवों के संग अभियान एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान का आयोजन किया जाना है। इन कैम्पों में लगभग 30 विभागों द्वारा अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जानी है। **महंगाई राहत कैम्पों** में निम्नलिखित योजनाओं से सम्बन्धित निम्न कार्यवाहियाँ सुनिश्चित की जानी हैं–

| क्र. सं. | योजना का नाम | कैम्प स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही |
|---|---|---|
| 1. | गैस सिलेण्डर योजना | रजिस्ट्रेशन व मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरण |
| 2. | मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना–<br>2.1 घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट प्रति माह निःशुल्क | रजिस्ट्रेशन व मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरण |
| | 2.2 कृषि उपभोक्ताओं को 2000 यूनिट प्रति माह निःशुल्क | रजिस्ट्रेशन व मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरण |
| 3. | मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना | रजिस्ट्रेशन व फूड पैकेट कार्ड वितरण |
| 4. | महात्मा गाँधी नरेगा ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (25 अतिरिक्त दिवस तथा कथौड़ी, सहरिया व विशेष योग्यजन को 100 अतिरिक्त दिवस) | रजिस्ट्रेशन व जॉब कार्ड वितरण |
| 5. | इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना | रजिस्ट्रेशन व जॉब कार्ड वितरण |
| 6. | सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना – न्यूनतम 1000 रूपये पेंशन प्रतिमाह | रजिस्ट्रेशन व Revised PPO order वितरण |
| 7. | पालनहार योजना की बढ़ी हुई प्रतिमाह राशि 750 रूपये एवं 1500 रूपये प्रतिमाह | रजिस्ट्रेशन व संशोधित भुगतान आदेश वितरण |
| 8. | मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की बढ़ी हुई बीमा राशि 25 लाख रूपये | रजिस्ट्रेशन एवं नवीन Policy Kit वितरण |
| 9. | मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना की बढ़ी हुई बीमा राशि 10 लाख रूपये | रजिस्ट्रेशन एवं नवीन Policy Kit वितरण |

इसके साथ ही पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा **प्रशासन गाँवों के संग अभियान** का तथा नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा **प्रशासन शहरों के संग अभियान** भी चलाया जाएगा जिसके तहत संलग्न मार्गदर्शिका (परिशिष्ट–अ) एवं पूर्व में जारी दिशा निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित की जानी है।

उपरोक्त कैम्पों तथा अभियानों के अतिरिक्त, समस्त जिलों में लगभग 2000 **स्थाई महंगाई राहत कैम्पों** का भी इस दौरान आयोजन किया जाना है। इन स्थाई कैम्पों के लिए राजकीय अस्पताल, गैस एजेन्सी, बस स्टेण्ड, प्रमुख बाजार, शॉपिंग मॉल्स, हवाई अड्डा, रेल्वे स्टेशन, जिला कलेक्ट्रेट, पंचायत समिति, नगर पालिका व अन्य राजकीय कार्यालय/सार्वजनिक स्थल इत्यादि का चयन जिला कलक्टर कर सकते हैं। इन कैम्पों के आयोजन से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश व अन्य जानकारी योजनाओं से सम्बधित विभाग अपने–अपने स्तर पर भी जारी करेंगे। विभागवार संक्षिप्त दायित्व यहाँ पर भी (परिशिष्ट–अ) संलग्न किए जा रहे हैं। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित तैयारियाँ तथा उनकी समय–सीमा भी (परिशिष्ट–ब) पर संलग्न हैं।

आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि राज्य सरकार की संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन की मंशा के अनुरूप पूरी लगन एवं निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन कर इन कैम्पों को सफल बनाने में योगदान करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

(उषा शर्मा)
मुख्य सचिव

क्रमांकः एफ6(1)आयोजना/ग्रुप–3/2023 दिनांकः 07-04-2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विशिष्ट सहायक/निजी सचिव, मंत्री/राज्य मंत्रीगण।
2. विशेषाधिकारी, मुख्य सचिव।
3. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/ शासन सचिव/ विशिष्ट शासन सचिव।
4. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री।
5. निजी सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री (GG)।
6. समस्त विभागाध्यक्ष।
7. निजी सचिव, संयुक्त शासन सचिव, आयोजना।
8. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय।

(भवानी सिंह देथा)
प्रमुख शासन सचिव
आयोजना विभाग

**परिशिष्ट–'अ'**

## महंगाई राहत कैंप, प्रशासन गाँवों के संग अभियान एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान की प्रस्तावित रूपरेखा (दिनांक 24 अप्रेल, 2023 – 30 जून, 2023)

### 1. महंगाई राहत कैंप में सम्मिलित योजनाएं –

1. गैस सिलेण्डर योजना (रजिस्ट्रेशन व मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरण)
2. मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना
   2.1 घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट प्रति माह निःशुल्क (रजिस्ट्रेशन व मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरण )
   2.2 कृषि उपभोक्ताओं को 2000 यूनिट प्रति माह निःशुल्क (रजिस्ट्रेशन व मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरण )
3. मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना (रजिस्ट्रेशन व "Food Packet Cards" वितरण)
4. महात्मा गाँधी नरेगा ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (25 अतिरिक्त दिवस तथा कथौड़ी, सहरिया व विशेष योग्यजन को 100 अतिरिक्त दिवस – रजिस्ट्रेशन व जॉब कार्ड वितरण)
5. इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (125 दिवस – रजिस्ट्रेशन व जॉब कार्ड वितरण)
6. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना – न्यूनतम 1000 रूपये पेंशन प्रतिमाह (रजिस्ट्रेशन व Revised PPO order वितरण)
7. पालनहार योजना की बढ़ी हुई प्रतिमाह राशि 750 रूपये एवं 1500 रूपये प्रतिमाह (रजिस्ट्रेशन व संशोधित भुगतान आदेश वितरण)
8. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की बढ़ी हुई बीमा राशि 25 लाख रूपये (रजिस्ट्रेशन एवं नवीन Policy Kit वितरण)
9. मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना की बढ़ी हुई बीमा राशि 10 लाख रूपये (रजिस्ट्रेशन एवं नवीन Policy Kit वितरण)

### 2. प्रशासन गाँवों के संग अभियान –

1. 11283 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक पंचायत में 2 दिवसीय शिविर
2. 352 ब्लॉक स्तरीय दल जो कि प्रत्येक ब्लॉक में स्थित प्रत्येक ग्राम पंचायत पर कैलेण्डर अनुसार 2 दिवसीय शिविरों का आयोजन करेंगे
3. शिविर प्रभारी – उपखण्ड अधिकारी/अन्य आर.ए.एस. अधिकारी
4. लगभग 30 विभागों की सहभागिता
5. साथ ही प्रत्येक शिविर में महंगाई राहत कैंप के विशेष काउन्टर

### 3. प्रशासन शहरों के संग अभियान –

1. 240 नगरीय निकाय (नगर निगम, नगर परिषद् एवं नगर पालिका) के 7500 वार्डों में वार्डवार शिविर
2. प्रत्येक वार्ड में कैलेण्डर के अनुसार 2 दिवसीय शिविर
3. शहरी क्षेत्र में आम–जन के कार्यों से जुड़े लगभग 15 विभागों की सहभागिता
4. शिविर प्रभारी – आयुक्त/उपायुक्त/उपखण्ड अधिकारी/अन्य आर.ए.एस. अधिकारी

5. प्रत्येक शिविर में महंगाई राहत कैंप के विशेष काउन्टर
6. विकास प्राधिकरण/नगर सुधार न्यास/हाउसिंग बोर्ड की सहभागिता

**4. <u>2000 स्थाई मंहगाई राहत कैम्प–</u>**

1. जिला कलक्टरों द्वारा निर्णय लेकर अपने–अपने जिलों में स्थान चयनित कर कुल 2000 स्थायी शिविर स्थापित करना
2. स्थान – राजकीय अस्पताल, गैस एजेन्सी, बस स्टेण्ड, प्रमुख बाजार, शॉपिंग मॉल्स, हवाई अड्डा, रेल्वे स्टेशन, जिला कलेक्ट्रेट, पंचायत समिति, नगर पालिका व अन्य राजकीय कार्यालय/सार्वजनिक स्थल
3. प्रत्येक शिविर में 2 काउन्टर – पहले काउन्टर पर लाभार्थी का रजिस्ट्रेशन, दूसरे काउन्टर पर महंगाई राहत कैंप में सम्मिलित योजनाओं का लाभ वितरण।
4. प्रत्येक शिविर का स्टेण्डर्ड व आकर्षक डिजाईन
5. प्रत्येक शिविर में दो राजकीय अधिकारी/कर्मचारी व एक राजीव गांधी युवा मित्र व एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी
6. DOIT द्वारा विकसित किये जा रहे Common Platform Application पर उपरोक्त 10 योजनाओं का एक साथ रजिस्ट्रेशन व तत्काल लाभ वितरण

**5. <u>DOIT की भूमिका –</u>**

1. सभी 10 योजनाओं में रजिस्ट्रेशन व लाभ वितरण हेतु Common Platform विकसित करना
2. लगभग 2700 कुल शिविरों हेतु आवश्यक IT Backend Support की व्यवस्था करना।
3. Common Platform Application पर कार्य करने हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों/युवा मित्रों का प्रशिक्षण

**6. <u>आयोजना विभाग की भूमिका –</u>**

1. समस्त शिविरों के आयोजन हेतु नोडल विभाग का दायित्व
2. माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं मुख्य सचिव महोदया के स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकों का आयोजन
3. नियमित समीक्षा एवं फीडबैक

**7. <u>जिला कलक्टर की भूमिका –</u>**

1. समस्त स्थायी शिविरों हेतु स्थानीय जन–प्रतिनिधियों से चर्चा कर स्थान का निर्धारण
2. गाँवों के संग अभियान एवं शहरों के संग अभियान का ब्लॉकवार व नगरीय निकायवार कार्यक्रम (कैलेण्डर) का निर्धारण
3. गाँवों के संग अभियान एवं शहरों के संग अभियान के शिविरों के प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति
4. स्थायी महंगाई राहत में कर्मचारियों की नियुक्ति
5. जिला स्तरीय समग्र समन्वयन, पर्यवेक्षण एवं क्रियान्विति
6. 2000 स्थायी महंगाई राहत कैंप हेतु – Model Design के आधार पर जिलेवार टेण्डर (Canopy, Furniture, Laptops, Printers, Stationery, Additional manpower, Screen etc.)

**8.** DIPR **की भूमिका –**

1. विभिन्न माध्यमों से उक्त कार्यक्रमों का राज्य स्तरीय प्रचार–प्रसार
2. जिला स्तर व ब्लॉक स्तर पर स्थानीय कैलेण्डर व स्थानों का प्रचार–प्रसार
3. शिविरों का Media Coverage व Success Stories का प्रचार–प्रसार, Social Media, प्रबंधन आदि

**9. वित्तीय प्रबन्धन –**

1. प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर – संबंधित स्थानीय निकाय, विकास प्राधिकरण, यूआईटी/आवासन मण्डल
2. प्रशासन गांवों के संग अभियान – प्रत्येक ग्राम पंचायत शिविर हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत को 50,000/– रूपये का प्रावधान
3. 2000 स्थायी महंगाई राहत कैंप हेतु – Model Design के आधार पर जिलावार टेण्डर व Procurement (Estimate के आधार पर जिलेवार बजट आवंटन)
4. जिला स्तर पर प्रत्येक जिला कलक्टर को एक–एक करोड़ रूपये का Flexi Fund स्थानीय आवश्यकतानुसार उपयोग हेतु
5. MLA-LADS के तहत प्रत्येक विधायकगण को शिविरों में छायां/जलपान/भोजन व अन्य व्यवस्थाओं हेतु 20 लाख रूपये प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में व्यय करने की अनुमति

**10. अन्य –**

**1.** चूंकि समस्त योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को लाभ देने की दिनांक सलंग्न Calendar के अनुसार निश्चित है, अतः 30 जून तक रजिस्ट्रेशन करवाने वाले सभी पात्र लाभार्थियों को Calendar अनुसार निर्धारित दिनांक से ही लाभ मिलेगा।

उदाहरण के रूप में यदि पेंशन योजना के तहत लाभ प्रारम्भ करने की दिनांक 01.05.2023 निश्चित है, तो यदि किसी लाभार्थी द्वारा दिनांक 15.06.2023 को भी रजिस्ट्रेशन करवाया जाता है तो भी उसे 01.05.2023 से ही लाभ देय होगा।

परिशिष्ट–ब

# विभागों द्वारा अपेक्षित तैयारियाँ तथा उनकी समय–सीमा

| क्र. सं. | योजना का नाम | विभाग | आवश्यक तैयारियाँ | योजना प्रारम्भ की तिथि | लाभ प्रारम्भ की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चिरंजीवी (स्वास्थ्य बीमा योजना एवं दुर्घटना बीमा) | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग | गाईडलाइन्स एवं सॉफ्टवेयर में Configuration | 24 अप्रैल, 2023 | 24 अप्रैल, 2023 |
| 2. | लंपी एक्स ग्रेशिया | पशुपालन विभाग | गाईडलाइन्स, सूचना संकलन एवं सॉफ्टवेयर डवलपमेंट | 10 अप्रैल, 2023 | 10 अप्रैल, 2023 |
| 3. | एल.पी.जी सब्सिडी | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग | गाईडलाइन्स, डेटा माईग्रेशन, सॉफ्टवेयर डवलपमेंट एवं लिंकेज | 1 अप्रैल 2023 | 24 अप्रैल, 2023 |
| 4. | लोक कलाकार स्कीम | पर्यटन विभाग | गाईडलाइन्स, सूचना संकलन एवं सॉफ्टवेयर डवलपमेंट | 1 अप्रैल 2023 | 14 अप्रैल 2023 |
| 5. | श्रमिक सम्बल (लेबर रिहेब) | श्रम एवं रोजगार विभाग | गाईडलाइन्स, डेटा माईग्रेशन, सॉफ्टवेयर डवलपमेंट एवं लिंकेज | 1 मई 2023 | 1 मई 2023 |
| 6. | खाद्य पैकेट | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग | गाईडलाइन्स, उपापन, लॉजिस्टिक्स एवं सॉफ्टवेयर में Configuration | 25 मई 2023 | 25 मई 2023 |
| 7. | पेंशन में वृद्धि | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग | गाईडलाइन्स एवं सॉफ्टवेयर में Configuration | 1 मई 2023 | 1 जून, 2023 |
| 8. | मुफ्त बिजली (घरेलू) | ऊर्जा विभाग | गाईडलाइन्स, सूचना संकलन एवं सॉफ्टवेयर डवलपमेंट | 1 मई 2023 | 1 जून, 2023 |
| 9. | मुफ्त बिजली (कृषि) | ऊर्जा विभाग | गाईडलाइन्स, सूचना संकलन एवं सॉफ्टवेयर डवलपमेंट | 1 मई 2023 | 1 जून, 2023 |
| 10. | विश्वकर्मा कामगार | श्रम एवं कौशल विकास विभाग | गाईडलाइन्स, सूचना संकलन एवं सॉफ्टवेयर डवलपमेंट | 1 जून, 2023 | 1 जून, 2023 |
| 11. | मिड डे मील योजना में दूध वितरण | प्राथमिक शिक्षा विभाग | गाईडलाइन्स, उपापन एवं लॉजिस्टिक्स | जून, 2023 (अवकाश उपरान्त विद्यालय खुलने की तिथि अनुसार) | जून, 2023 (अवकाश उपरान्त विद्यालय खुलने की तिथि अनुसार) |
| 12. | डिजिटल योजना (फोन स्कीम) | सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग | गाईडलाइन्स, उपापन एवं लॉजिस्टिक्स | 30 अगस्त, 2023 (रक्षाबंधन) | 30 अगस्त, 2023 |